**सं0 ए-35018/1/2008-प्रशा.1**

**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,नई दिल्ली-110001**

विद्युत मंत्रालय में अत्यावश्यक रूप से केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में (विद्युत मंत्रालय के संलग्न कार्यालय) में निम्न पदों के लिए एक योग्य उम्मीदवारों की जरूरत है जिसका वेतनमान रुपये 22400-525-24500/-(पूर्व संशोधित) [रुपये 37400-67000+ श्रेणी वेतन रुपये 12000 (संशोधित)] है और जो भारत सरकार के अपर सचिव के पदेन स्तर के समकक्ष है :

(i) सदस्य (योजना)

(ii) सदस्य (आर्थिक एवं वाणिज्यिक)

प्राधिकरण में सदस्यों की नियुक्ति केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों की सेवा शर्तें एवं निबंधन) नियम, 2005 के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 70, जोकि विद्युत मंत्रालय के वेबसाइट **http://powermin.nic.in** में उप्लब्ध है, में वर्णित प्रावधानों के अनुसार की जाती है ।

ये पद खोज एवं चयन पद्धति के द्वारा भरा जाता है । सदस्य पदों से संबंधित कार्य एवं जिम्मेदारियां तथा जिस प्रपत्र में आवेदन किया जाना है, विद्युत मंत्रालय के वेबसाइट **http://powermin.nic.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं । पदों से संबंद्धित योग्यता इस प्रकार है :

**(i) अधिकतम आयु सीमा** – भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार होगी।

**(ii) पात्रता शर्त** – कोई व्यक्ति सदस्य के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा जब तक कि उसने निम्नलिखित पद धारित न किया हो-

(क) केंद्र सरकार या राज्य सरकार के अधीन कम से कम 5 वर्षों के लिए नियमित आधार पर 18400-500-22400 [रुपये 37400-67000 श्रेणी वेतन रुपये 10000 (संशोधित)] या उच्च्व पद/वेतनमान में मुख्य अभियंता अथवा समकक्ष का पद ।

**अथवा**

(ख) कम से कम 5 वर्षों तक नियमित आधार पर राज्य विद्युत बोर्ड या अर्द्ध-सरकारी संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या स्वायत्त निकाय या वैधानिक निकाय या विश्वविद्यालय या इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी या भारतीय प्रबंधन संस्थान के अधीन उपरोक्त खंड (क) में वर्णित पद के समकक्ष कोई पद ।

**(iii) अनुभव** – संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का क्षेत्र कार्य अनुभव

**(iv) नियुक्ति** – प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक ठेका आधार पर अधिकतम पाँच वर्षों के लिए इस शर्त पर होगा कि उनकी सेवा अवधि इनके मूल कॉडर (संवर्ग) के अधिवर्षिता से आगे नहीं बढाई जायेगी ।

इच्छुक अधिकारी अपना आवेदन (प्रत्येक पद के लिए अलग अलग आवेदन) उचित माध्यम से रोजगार समाचार/ समाचार पत्र में प्रकाशित होने की तिथि से 45 दिनों के भीतर निर्धारित प्राफॉर्मा (चार प्रतियों में) पिछले पांच वर्ष की वार्षिक गोपनीयता रिपोर्टों की सत्यापित प्रतियां के साथ श्री. एन. श्रीरामन, अवर सचिव, विद्युत मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110 001 के पते पर भेज सकते है ।

**अनुबंध-1**

## केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य (योजना) के पद से संबंधित कर्त्तव्य एवं दायित्व

********

राष्ट्रीय विद्युत नीतियों का निर्माण, एकीकृत संसाधन योजना, संसाधन का इष्टतम उपयोग, लघु मध्य तथा दीर्घावधि विद्युत योजनाओं का निर्माण, दीर्घ एवं अल्पावधि मांग का पूर्वानुमान तथा संवेदनशीलता अध्ययन, सामग्री एवं मानव शक्ति नियोजन, विद्युत परियोजनाओं के लिए कोयला, तेल एवं लिंकेज, विद्युत मांग वृद्धि के लिए सर्वेक्षण, भावी मांग हेतु अर्थव्यवस्था मॉडल के लिए समान पैरामीटरों का चिह्निकरण एवं जांच, विद्युत क्षेत्र के आंकड़ों का एकत्रीकरण, संकलन एवं प्रकाशन, उभर रही तकनीकों के समर्थन में संसाधनों/ईंधन उपलब्धता एवं ईंधन दक्षता का संवीक्षा करना, परियोजना प्रबंधन का आधुनिकीकरण, दक्षता विकास की अवधारणाएं, प्रो-एक्टिव प्रौद्योगिकी, भावी दृष्टिकोण, विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास, अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में संलग्न बहु-एजेंसियों के साथ समन्वय, ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा लेखा परीक्षा, ताप विद्युत परियोजनाओं के पर्यावरणीय पहलू, जल विद्युत परियोजनाओं के पर्यावरणीय पहलू, ईंधन ऑयल/तरल ईंधन आपूर्तियों का समन्वय, कोयला की मात्रा एवं गुणवत्ता नियंत्रण आदि ।

**अनुबंध-2**

## केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य (आर्थिक एवं वाणिज्यिक) के पद से संबंधित कर्त्तव्य एवं दायित्व

********

विद्युत नीतियों एवं परियोजनाओं का आर्थिक मूल्यांकन, टैरिफ का मूल्यांकन, वित्तीय पैकेज, वित्तीय पैरामीटर, निर्माण के दौरान ब्याज तथा समापन लागत, व्यापक विद्युत टैरिफ ढांचों की जांच, राज्य विद्युत बोर्डों का निष्पादन, आयात शुल्क छूट हेतु जांच, प्रमाणीकरण एवं विदेशी विनिमय रिलीज, बाहरी सहायता प्राप्त योजनाओं के लिए समन्वय, विद्युत क्रय करारों की जांच, कानूनी मामलों पर परामर्श आदि ।

**अनुबंध-3**

## केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य (                    ) के पद हेतु आवेदन पत्र

**भाग-I**

**जीवन वृत्त**

| | | |
|---|---|---|
| 1. नाम व पता दूरभाष नंबर सहित | | |
| 2. जन्म तिथि | | |
| 3. केंद्र/राज्य सरकार/पैत्रिक संगठन के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तिथि | | |
| 4. शैक्षिक योग्यता | | |
| 5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं पूरी कर ली गई हैं । (यदि किसी शैक्षिक योग्यता को नियमों में वर्णित शैक्षिक योग्यता के समकक्ष माना गया है तो उसका उल्लेख करें) | अपेक्षित शैक्षिक योग्यताएं/ अनुभव | अधिकारी की योग्यताएं/अनुभव |
| | (1)<br>(2)<br>(3) | |
| 6. कृपया बताएं कि उपर्युक्त प्रविष्टियों के मद्देनज़र आप पद संबंधी आवश्यकता पूरी करते हैं । | | |

7. कालानुक्रम में सेवा के ब्यौरे, यदि नीचे स्थान अपर्याप्त है, तो अलग से एक स्वःप्रमाणित प्रपत्र संलग्न करें ।

| कार्यालय/संस्थान/संगठन | पद | से | तक | वेतनमान एवं मूल वेतन | कार्यों की प्रकृति (विस्तार में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | |
|---|---|
| 8. वर्तमान रोज़गार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अनुबंध आधार पर या स्थायी । | |
| 9. यदि वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर है तो कृपया बताएं-<br><br>क) आरंभिक नियुक्ति की तिथिः<br>ख) प्रतिनियुक्ति/ठेका आधार पर नियुक्ति की तारीख<br>ग) वर्तमान कार्यालय/संगठन का नाम जिससे संबंधित हैं | |
| 10. वर्तमान रोज़गार के बारे में अतिरिक्त ब्यौरे<br><br>कृपया बताएं कि आप किसके अंतर्गत कार्य कर रहे हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं)<br><br>क) केंद्र सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्तशासी संगठन<br>घ) सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम<br>ड.) विश्वविद्यालय/सभी भारतीय तकनीकी संस्थान/भारतीय प्रबंधन संस्थान<br>च) अन्य | |
| 11. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ? यदि हां, वह तिथि बताएं जब से संशोधन हुआ और पूर्व संशोधित वेतनमान भी दर्शाएं | |
| 12. अब मिलने वाली प्रतिमाह आहरित कुल परिलब्धियां | |
| 13. कोई अतिरिक्त सूचना, जो आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में देना चाहेंगे ।<br><br>(अन्य बातों के साथ-साथ (I) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यताएं (II) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (III) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव से अधिक के संबंध में सूचना प्रदान कर सकते हैं )<br>(नोट- यदि कुछ अपर्याप्त है तो अलग से प्रपत्र संलग्न करें) | |

| | |
|---|---|
| 14. टिप्पणियां (आवेदक (I) अनुसंधान प्रकाशन, रिपोर्ट एवं विशेष परियोजनाएं (II) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/कार्यालयी मूल्यांकन/(III)व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/सोसायटियों के साथ संबद्धता और (त्ध) कोई अन्य सूचना दर्शा सकते हैं।<br><br>(नोट- यदि जगह पर्याप्त नहीं है तो कृपया एक अलग से प्रपत्र संलग्न करें) | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को भली-भांति पढ़ लिया है और मुझे ज्ञात है कि दस्तावेजों सहित जमा कराया गया मेरा जीवनवृत्त भी पद हेतु चयन के समय चयन समिति द्वारा मूल्यांकित किया जाएगा ।

आवेदक के हस्ताक्षर
पताः
दूरभाष/मोबाइल नं0
फैक्स नं0

नियोक्ता के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता की मुहर सहित प्रतिहस्ताक्षर

**भाग-II**

(आवेदन पत्र भेजने वाले कार्यालय का नाम व पता)

संदर्भ सं0.........................                                        तारीख....................

प्रमाणित किया जाता है-

(क) ऊपर उल्लिखित अधिकारी के विरूद्ध कोई सतर्कता स्वीकृति/अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित नहीं है अथवा इन पर विचार नहीं किया जा रहा है ।

(ख) विगत दस वर्षों में आवेदक पर कोई दंड नहीं लगाया गया है (यदि आवेदक पर कोई दंड लगाया गया है तो उसका ब्यौरा दें)

(ग) आज की तारीख में आवेदक के विरूद्ध कोई शास्ति प्रचालनाधीन नहीं है (यदि आवेदक के विरूद्ध कोई शास्ति लगी हुई है तो कृपया उसका ब्यौरा दें)

हस्ताक्षर.........................
नाम.............................
पदनाम..........................
कार्यालय.......................

**(आवेदन का भाग-II सक्षम प्राधिकारी,जो उपसचिव, भारत सरकार, से निम्न पद पर न हो, द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना अनिवार्य है)**